प्रतिमाह की पूर्ववर्ती पेंशन उन्हें कब तक बहाल कर दी जायेगी ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जायेगी ।

गोरखालैंड आन्दोलन द्वारा की गई हिंसा

3548. **श्री अश्विनी कुमार** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार और पश्चिमी बंगाल सरकार के अथक प्रयासों के बावजूद, गोरखालैंड आन्दोलन दिनों-दिन उग्र होता जा रहा है ; यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान इस आन्दोलन में कितने निर्दोष सरकारी कर्मचारी और जनता के लोग मारे गये तथा चाय बागानों, दुकानों और मकानों को जलाने अथवा उन्हें नुकसान पहुंचाने के कारण लगभग कितने रुपयों का नुकसान हुआ है ;

(ख) क्षतिपूर्ति के लिये अब तक कितनी धनराशि मुआवजे के रूप में दी जा चुकी है और मुआवजे की अदायगी संबंधी कितने मामले अभी भी सरकार के विचाराधीन है ; और

(ग) इस आन्दोलन से संबंधित व्यक्तियों से अब तक कितनी मात्रा में बन्दूकें तथा अन्य हथियार पकड़े गये हैं और उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सदन के पटल पर रख दी जायेगी ।

बांगलादेश से नागरिकों का आगमन

3549. **श्री राम जेठमलानी : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) क्या यह सच है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान पश्चिमी बंगाल के नौ सीमावर्ती जिलों की जनसंख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि जनसंख्या में इस वृद्धि का मुख्य कारण बांगलादेश से भारी संख्या में बांगलादेशी लोगों का आना है ;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या सरकार ने इन विदेशी लोगों को उनके देश वापस भेजने के लिये कोई कदम उठाये हैं ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सदन के पटल पर रख दी जायेगी ।

Army in Tripura

3550. SHRIMATI KANAK MUKHERJEE; SHRI NARAYAN KAR:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state,

(a) whether army is still stationed in Tripura; if so, the reasons therefor;

(b) whether the former Chief Minister of Tripura, Shri Nripen Chakrabarty has asked for withdrawal of the army from Tripura; and

(c) if so, what action, if any, has been taken on the same?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI SONTOSH MOHAN DEV): (a) The Army was inducted into